BSES

बीआरपीएल के सोलर सिटी प्रोजेक्ट का दूसरा चरण शुरू, ऊर्जा मंत्री ने किया *सोलराइज शकूर बस्ती* का उद्घाटन

नई दिल्लीः 28 अक्टूबर। दिल्ली के माननीय ऊर्जा मंत्री श्री सत्येन्द्र जैन ने आज पश्चिम विहार इलाके में बीआरपीएल की महत्वाकांक्षी सौर ऊर्जा परियोजना *सोलर सिटीः सोलराइज शकूर बस्ती* का उद्घाटन किया। यह बीआरपीएल के रूफ टॉप सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का दूसरा चरण है। पहला प्रोजेक्ट द्वारका में चलाया गया था, जहां बड़ी संख्या में सोसाइटियों व अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स को सौर ऊर्जा से जोड़ा गया।

इस बार, पश्चिम विहार और आसपास के इलाकों में स्थित सोसाइटियों, अपार्टमेंट्स व डीडीए फ्लैट्स में सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट्स लगाए जाएंगे। जिन सोसाइटियों को इनसे जोड़ा जाएगा, उनमें प्रमुख हैं— मैत्री अपार्टमेंट, प्रगति अपार्टमेंट, प्रियदर्शिनी अपार्टमेंट, आईएफसीआई अपार्टमेंट, साक्षरा अपार्टमेंट, नवभारत अपार्टमेंट और डीडीए फ्लैट्स। बीएसईएस ने इस क्षेत्र में वित्त वर्ष 2019—20 तक 5 मेगावॉट सौर ऊर्जा के उत्पादन का लक्ष्य रखा है। वैसे, भविष्य में यहां 15,000 किलोवॉट तक तक सौर ऊर्जा का उत्पादन होने की संभावना है।

सोलर सिटीः सोलराइज शकूर बस्ती प्रोजेक्ट के लॉन्च के अवसर पर दिल्ली सरकार, एनर्जी एफिशिएंसी एंड रिन्युएबल एनर्जी मैनेजमेंट सेंटर यानी ईईएंडआरईएम, द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट यानी टेरी, इंडो—जर्मन कोलैबोरेशनी यानी जीआईजेड के अधिकारियों के अलावा, बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद थे। सीईओ श्री अमल सिन्हा के नेतुत्व में बीआरपीएल के वरिष्ठ अधिकारी भी वहां उपस्थित थे।

यह सोलर प्रोजेक्ट, घरों की छतों पर लगे सामान्य सोलर पैनलों वाले फॉर्मूले से पूरी तरह अलग है। इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां अलग—अलग घरों के लिए अलग—अलग सौर पैनल्स नहीं लगाए जाएंगे। बल्कि, ये पैनल्स पूरे अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स के लिए संयुक्त रूप से, एक सिंगल पॉइंट इंस्टॅलेशन की तरह काम करेंगे। इन सौर पैनलों की बिजली से पूरे अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स के उपभोक्ता एकसाथ लाभान्तिव होंगे और वे सौर ऊर्जा का एकसाथ इस्तेमाल कर पाएंगे।

बीआरपीएल सीईओ श्री अमल सिन्हा के मुताबिक— सौर ऊर्जा, टिकाऊ विकास यानी सस्टेनेबल डेवलेपमेंट की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सौर ऊर्जा का पूरा लाभ उठाने के लिए बीएसईएस राष्ट्रीय राजधानी में इसे बड़े पैमाने पर बढ़ावा और प्रोत्साहन दे रही है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की हमारी यह पहल गेम चेंजर साबित होगी। हमारी इस पहल से उपभोक्ताओं और डिस्कॉम, दोनों को लाभ मिलेगा। सोलर सिटी पहल के पहले चरण की अपार सफलता और अब दूसरे चरण का लॉन्च होना, इस बात का प्रमाण है कि यह सभी के लिए काफी फायदेमंद है।

श्री सिन्हा ने कहा कि प्रोजेक्ट के तहत, सौर ऊर्जा के जो सिस्टम्स लगाए जाएंगे, उनकी गुणवत्ता का कड़ाई से पालन करवाया जाएगा। साथ ही, उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के बारे में शिक्षित व जागरूक भी किया जाएगा। इसके तहत, उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के पैनल्स लगवाने के लिए, विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से वित्तीय सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

उपभोक्ताओं को फायदाः

रूफटॉप सोलर से उपभोक्ता न सिर्फ अपने बिजली बिल में कमी लाकर पैसों की बचत कर सकते हैं, बल्कि इससे पर्यावरण को भी काफी फायदा होगा। खास बात यह भी है कि जो उपभोक्ता रेस्को मॉडल के तहत रूफटॉप सोलर पैनल लगवाते हैं, उन्हें इसके लिए कुछ भी पैसा लगाने की जरूरत नहीं है। इसमें, उपभोक्ताओं को प्रतियोगितात्मक बिडिंग के

माध्यम से तय की गई दरों पर बिजली उपलब्ध कराई जाती है। द्वारका वाले प्रोजेक्ट में, निवासियों को 2.66 रूपये प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध हुई। यानी, उन्हें ग्रिड की सामान्य बिजली के मुकाबले करीब 2.50 रूपये प्रति यूनिट कम दर पर बिजली मिली।सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी सेकी और इंद्रप्रस्थ पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड यानी आईपीजीसीएल के द्वारा प्रतियोगितात्मक बिडिंग कराई गई।

डिस्कॉम को फायदाः

सोलर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से बीआरपीएल को अपने अक्षय ऊर्जा खरीद के लक्ष्यों—— जिसे तकनीकी भाषा में आरपीओ यानी रिन्युएबल परचेज ऑब्लिगेशन के नाम से जाना जाता है—— को पूरा करने में मदद मिलेगी। कंजस्टेड इलाकों में गर्मियों के पीक सीजन में ओवरलोडिंग की समस्या को भी कम करने में सहायता मिलेगी। बिजली लाइनों के रखरखाव व उन्नतिकरण में भी कुछ राहत मिल सकती है।

सोलर पोर्टल व पूर्ण समर्पित सोलर हेल्पलाइनः

उपभोक्ताओं को परेशानीमुक्त व तेज सोलर समाधान सुनिश्चित करने के लिए बीआरपीएल ने एक वेबसाइट व पूर्ण समर्पित हेल्पलाइन भी लॉन्च की है। www.solarbses.com पर एक ही जगह पर सोलर पहल से संबंधित सारी सूचनाएं उपलब्ध कराई गई हैं। वेबसाइट पर ही उपभोक्ता एप्लिकेशन फॉर्म भर सकते हैं, अपने डॉक्यूमेंट्स अपलोड कर सकते हैं और अप्लिकेशन पर कहां तक काम हुआ है, उसे ट्रैक भी कर सकते हैं। सोलर पैनलों से संबंधित सारी औपचारिकताएं उपभोक्ता इस पोर्टल पर पूरी कर सकते हैं।

उपभोक्ताओं के लिए एक पूर्ण समर्पित सोलर हेल्पलाइन भी है। बीएसईएस के मौजूदा कॉल सेंटर नंबर 39999707 पर इसके लिए, अन्य लाइनों से बिल्कुल अलग लाइनें उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि उपभोक्ताओं को उनके सवालों व समस्यों का समाधान मिल सके।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।

....